UP Board Class 6 Science Important Questions Chapter 10 स्वास्थ्य एवं स्वच्छता

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न:

प्रश्न 1.
कम्पोस्टिंग किसे कहते हैं?
उत्तर:
पौधों व जन्तुओं के अपशिष्टों का रसोई के अपशिष्ट सहित खाद में बदलने की प्रक्रिया, कम्पोस्टिंग कहलाती है।

प्रश्न 2.
पुनःचक्रण से क्या तात्पर्य है?
उत्तर:
प्रयोग किए गए पदार्थ को पुनः प्रयोग हेतु परिवर्तित करना, पुनः चक्रण कहलाता है।

प्रश्न 3.
अपशिष्ट किसे कहते हैं?
उत्तर:
वे चीजें या वस्तुएँ जो हमारे लिए बेकार होती हैं, अपशिष्ट कहलाती हैं।

प्रश्न 4.
वर्मी - कम्पोस्टिंग क्या है?
उत्तर:
लाल केंचुओं का उपयोग करके रसोई के कचरे से कम्पोस्ट बनाना वर्मी कम्पोस्टिंग कहलाता है।

प्रश्न 5.
लाल केंचुओं में ऐसी कौनसी संरचना पायी जाती है, जो भोजन को पीसने में इनकी सहायता करती है?
उत्तर:
गिजर्ड (पेषणी)।

प्रश्न 6.
लाल केंचुआ एक दिन में कितना आहार खा सकता है?
उत्तर:
अपने शरीर के भार के बराबर।

प्रश्न 7.
लाल केंचुए के जीवन के लिए आवश्यक मौसमी दशाएँ क्या हैं?
उत्तर:

यह बहुत गर्म तथा ठंडे वातावरण में जीवित नहीं रह सकता तथा इसे अपने आस-पास नमी की जरूरत होती है।

प्रश्न 8.
सूखी पत्तियों को जलाना हानिकारक क्यों होता है?
उत्तर:
सूखी पत्तियों को जलाने पर इनसे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक गैसें व धुआँ उत्पन्न होता है, इसलिए इन्हें नहीं जलाना चाहिए।

प्रश्न 9.
क्या कागज के पुनः चक्रण की तरह हम हर वस्तु का पुनः चक्रण कर सकते हैं?
उत्तर:
नहीं, हर वस्तु का पुन: चक्रण करना संभव नहीं है।

प्रश्न 10.
भराव क्षेत्र किसे कहते हैं?
उत्तर:
भराव क्षेत्र वह स्थान होता है जहाँ शहर के कचरे को एकत्र करके पाटा जाता है।

प्रश्न 11.
वर्मी कम्पोस्टिंग के दौरान अपशिष्ट की परत को क्यों नहीं दबाना चाहिए?
उत्तर:
वर्मी कम्पोस्टिंग के दौरान अपशिष्ट की परत को नहीं दबाना चाहिए बल्कि इसे पोला ही रहने देना चाहिए ताकि इस परत में पर्याप्त मात्रा में वायु एवं नमी बनी रहे।

प्रश्न 12.
लाल केंचुए के भोजन में क्या मिलाना चाहिए जिससे भोजन को पीसने में सहायता मिले?
उत्तर:
अण्डे के छिलके, समुद्री शंख या सीपी का चूरा आहार में मिलाना चाहिए।

प्रश्न 13.
कम्पोस्ट में कचरे का पूर्ण विगलन हो गया है कैसे ज्ञात करते हैं?
उत्तर:
कम्पोस्ट में कचरे का काला हो जाना तथा उससे कोई दुर्गंध न आना यह दर्शाता है कि कचरे का पूर्ण विगलन हो गया है।

लघूत्तरात्मक प्रश्न:

प्रश्न 1.
यदि हमारे घरों एवं आस - पास से कूड़ा न हटाया जाए, तो क्या होगा?
उत्तर:
अगर हमारे घरों एवं आस - पास से कूड़ा न हटाया जायेगा, तो इस कचरे से चारों तरफ दुर्गंध फैल जायेगी। इससे पर्यावरण प्रदूषण भी बढ़ेगा और हम अनेक प्रकार की बीमारियों से ग्रसित हो जायेंगे।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 2.
कुछ शहरों या नगरों में नगरपालिकाएँ कचरा एकत्र करने के लिए दो पृथक् कूड़ेदान क्यों देती हैं?
उत्तर:
कुछ शहरों में नगरपालिकाएँ दो प्रकार के कचरे को एकत्र करने के लिए दो पृथक् कूड़ेदान देती हैं। प्रायः एक नीले रंग का एवं दूसरा हरे रंग का होता है। नीले कूड़ेदान में पुन: उपयोग किए जा सकने वाले पदार्थ डाले जाते.हैं, जैसे - प्लास्टिक, धातुएँ, काँच आदि। जबकि हरे कूड़ेदान रसोई तथा अन्य जन्तु व पादप अपशिष्य को एकत्र करने के लिए होते हैं।

प्रश्न 3.
लाल केंचुए के भोजन के विषय में आप क्या जानते हैं?
उत्तर:
लाल केंचुओं को भोजन में फल व सब्जियों के अपशिष्ट, कॉफी तथा चाय छानने के बाद बची हुई पत्तियाँ तथा खेत व बगीचे के खरपतवार दे सकते हैं। इनको नमक, अचार, तेल, सिरका, मांस व दूध से बने अपशिष्ट पदार्थ नहीं देने चाहिए क्योंकि इनसे रोगकारक जीव उत्पन्न होने लगते हैं। अण्डे के छिलके अथवा समुद्री शंख का चूरा इन्हें भोजन को चबाने में मदद करते हैं।

प्रश्न 4.
लाल केंचुओं की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए।
उत्तर:

1. इनके दाँत नहीं होते। इनमें भोजन को पीसने के लिए एक विशेष संरचना गिजर्ड होती है।
2. यह एक दिन में अपने शरीर के भार के बराबर, आहार खा सकता है।
3. ये बहुत गर्म एवं बहुत ठण्डे वातावरण में जीवित नहीं रह सकते। इन्हें अपने आस - पास नमी भी चाहिए।

प्रश्न 5.
वर्मी कम्पोस्ट 'अपशिष्ट से सर्वोत्तम' प्राप्त करना कैसे है?
उत्तर:
वर्मी कम्पोस्ट में अपशिष्ट पदार्थों से खाद बनाई जाती है जिससे अपशिष्ट पदार्थों का निपटान होता है साथ ही खाद भी प्राप्त होती है जिससे बहुत से धन की बचत भी होती है जो महंगे रासायनिक उर्वरक एवं खाद खरीदने के लिए खर्च करते हैं। इसलिए वर्मी - कम्पोस्ट 'अपशिष्ट से सर्वोत्तम' प्राप्त करने जैसा है।